ST. MONTFORT SCHOOL
BLESSING DAY CEREMONY 2022
AU REVOIR

"Every new beginning comes from some other beginning's end."
– Semisonic

To bless and give best wishes to the outgoing batch of class XII (2021-22), a Blessing Ceremony was organized at St. Montfort School, Bhopal on 12 April 2022.

School Principal, Rev. Bro. Monachan K. K., Vice-Principal, Rev. Bro. Pankaj, Co-ordinators, teachers and students of class XI assembled in the courtyard to welcome the students to Class XII to the blessing arena. It was to celebrate an occasion of an end and of a beginning, the end of a carefully supervised school life, and a beginning of a life in the "real world".

The ceremony commenced with the lightning of the lamp by the dignitaries followed by a soulful rendition of a welcoe dance performed by the students of class XI. This was followed by a series of melodious songs to revive back all the magical memories and fascinating flashback of their school life.

Rev. Bro. Monachan addressed the students mentioning that this is the time to get exposure to the 'real world' and they have been trained so well by the school that they are now ready to face the challenges of the world. There will be very high expectations from them so their conduct should be exemplary. He motivated the students to be prepared for the challenges that life will throw at them and apply the learning that they received in their school life. He advised the students to always follow the right path consciously. Students need to make the right decisions for their future after giving careful thought as it will affect the direction of their life. He also told them to follow the untrodden path and not be scared of making mistakes in their lives.
In the end, he blessed the students and wished that each one of them comes out with flying colors and they make themselves, their parents, teachers, and the school proud.
Along with the blessings, students were presented mementos by the Principal and Vice-Principal.

This was followed by a mesmerising finale dance performance and a photo session of all class XII students with the Principal and teachers. The Blessing Ceremony was probably a moment of mixed feelings for the students, sad at the prospect of leaving behind what was 'second home', with all their friends who have become like siblings after spending so many years together-yet so excited to explore the world that awaits them.

RUPINDER KAUR GILL

विदाई समारोह 2022

''वो जो जाते है स्कूल उन रास्तों से
जुदा हम हो गए,
आज अपने स्कूल से हम विदा हम हो गए।''

दिनांक 12 अप्रैल 2022 को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, भोपाल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों हेतु विदाई समारोह ''आशीर्वाद दिवस'' के रूप में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के., उप–प्राचार्य ब्रदर पंकज, कोऑर्डिनेटर्स तथा शिक्षकगण उपस्थित थे। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर की सुन्दर सजावट की गई तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत वदंन एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना गीत तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा एकल तथा सामूहिक गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। कोरोना महामारी के कारण इस विदाई समारोह में सत्र 2021–22 के साथ सत्र 2020–21 के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। सभी ने अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने जीवन में सफलता प्राप्त करने का साधन शिक्षकों एवं विद्यालय को बताया। उनका कहना था कि विद्यालय बिना विद्या एवं शिक्षक के संभव नही है। विद्यालय द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। सत्र 2020–2021 के विद्यार्थियों द्वारा यादगार स्वरूप वॉटर डिस्पेन्सर तथा सत्र 2021–2022 के द्वारा कॉलर माइक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु वॉटर बॉटल प्रदान किए गए।

विद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा समझाया की जीवन में प्रत्येक का सपना सच हो सकता है, यदि आप कर्मठ है। कार्यक्रम के अंत में ग्रांड फिनाले के माध्यम से छात्रों ने धमाकेदार प्रस्तुति दी। जिसने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सभी शिक्षकों ने 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामना देते हुए अनेक आशीर्वाद दिए। सभी ने विद्यार्थियों की उन्नति एवं जीवन में ऊँचाईयों को छूने की ईश्वर से कामना की। छात्रों की आँखें नम थीं। आज उन्हें लग रहा था कि वे विद्यालय से अलग हो रहे है लेकिन साथ में जीवन की सारी खुशियाँ एवं दुआएँ साथ लेकर जा रहे है। ये पल उनके लिए यादगार बन गए। अतं में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। संपूर्ण कार्यक्रम उत्साह एवं जोश के साथ संपन्न हुआ।

श्रीमती बीनू चांदोलिया